अधिसूचना

13 मार्च 2014

ग्यारवीं कक्षा में नये विषय शीर्षक, 'भारत की ज्ञान परम्पराएं एवं प्रथाएं'

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध सभी विद्यालयों को यह सूचित किया जाता है कि बोर्ड ने एक नये विषय शीर्षक **'भारत की ज्ञान परम्पराएं एवं प्रथाएं'** का शुभारम्भ किया है। सभी सम्बद्ध विद्यालयों से अनुरोध किया जाता है कि इस नये अनुपूरक विषय-(विषय कोड 073) को प्रारम्भ करने के लिए, इच्छुक सभी विद्यालय, आवेदन प्रारुप जोकि **'पाठ्यक्रम दस्तावेज' 2015** में नये विषय आवेदन करने के प्रारुप में दिया गया है एवं जिसकी एक प्रति संलग्नक संख्या 11 अधिसूचना के साथ भी संलग्नित है, भरकर भेज सकते हैं।

अधिसूचना पूर्व परिपत्र संख्या 30/2013 दिनांक 6 मई 2013 में भी **केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की शैक्षणिक वेबसाइट** में अपलोड किया हुआ है। यह विषय कक्षा XI एवं XII की किसी भी विषय धारा के साथ लिया जा सकता है। शैक्षणिक सत्र 2014 में इस नये विषय **'भारत की ज्ञान परम्पराएं एवं प्रथाएं'** के लिए आवेदन करने की अन्तिम तिथि 30 जून 2014 है।

विद्यालयों से अनुरोध है कि वे पूर्णरुप से भरे हुए आवेदन पत्र, निर्धारित शुल्क रु. 5000 के डिमान्ड ड्राफ्ट/चैक के रूप में जोकि **'सचिव, केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड'** के नाम पर हो, निम्न पते पर भेजें:–

श्री सन्दीप टन्डन
अनुभाग अधिकारी, निदेशक कार्यालय
केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड,
शिक्षा सदन, 17 राउज़ एवेन्यू, इन्सटिट्यूशनल
एरिया, नई दिल्ली-110002

कक्षा XI विषय **'भारत की ज्ञान परम्पराएं एवं प्रथाएं'** की पाठ्यपुस्तकें, पाठ्यपुस्तक संकेन्द्रण केन्द्र में उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त कक्षा XI के सभी 10 मॉडयूल एवं कक्षा XII के सभी 11 मॉडयूल केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की शैक्षणिक वेबसाइट www.cbseacademic.in पर उपलब्ध हैं। कक्षा XII की पाठ्यपुस्तक अभी मुद्रण प्रक्रिया के अंतर्गत है।

उपरोक्त विषय आधारित किसी भी अग्रिम जानकारी हेतु आप श्रीमति नीलिमा शर्मा को दी हुई ई-मेल आई.डी. neelimasharma.cbse@gmail.com पर संपर्क कर सकते हैं।

डॉ. साधना पाराशर
निदेशक (शैक्षणिक/ अनुसंधान /प्रशिक्षण/नवाचार)